न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज0)

पीठासीन अधिकारी: अतुल प्रकाश, IAS

प्रकरण संख्या: 27/2018

उनवान

(1) कन्हैयालाल पिता पुरषोत्तमलाल गरो जाति गरो निवासी गढ़ी तहसील गढ़ी।
(2) नन्दलाल पिता पुरषोत्तमलाल गरो जाति गरो निवासी गढ़ी तहसील गढ़ी।
(3) नारायणलाल पिता पुरषोत्तमलाल गरो जाति गरो निवासी गढ़ी तहसील गढ़ी।
(4) श्रीमती शारदा देवी पत्नि नारायणलाल गरो जाति गरो निवासी गढ़ी तहसील गढ़ी।

—: प्रार्थीगण

बनाम

(1) उमाशंकर पिता भूरा गरो जाति गरो निवासी गढ़ी तहसील गढ़ी।
(2) तहसीलदार, गढ़ी।

—: अप्रार्थीगण

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 136— भू—राजस्व अधिनियम

निर्णय

दिनांक: 8.1.2021

संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थीगण एंव अप्रार्थी संख्या 01 के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि खाता संख्या 108 (नया) 102 (पुराना) के सेर्व नम्बर 889 रकबा 0.21 हे0 जिसका तुलनात्मक नम्बर 5921/1827 है व खाता संख्या 109 (नया) 103 (पुराना) का आराजी नम्बर 967 रकबा 0.18 हे0 एं0 968 रकबा 0.03 हे0 भूमि वाके गांव गढ़ी तहसील गढ़ी जिला बांसवाड़ा में स्थित है। प्रार्थीगण व अप्रार्थी संख्या 01 की उक्त भूमि पूर्व में उनके पिता पुरषोत्तम व चाचा उमाशंकर के संवत 2034 की जमाबन्दी खाता संख्या 18 (नया) 18 (पुराना) और संवत 2056—2059 के खाता संख्या 48 (नया) 23 (पुराना) में दर्ज रेकार्ड थी। जिसमें प्रार्थीगंण के पिता व चाचा की जाति गरो अंकित है, परन्तु संवत 2056—2059 की जमाबन्दी के खाता संख्या 108 (नया) 102 (पुराना) एंव खाता संख्या 109 (नया) 103 (पुराना) में प्रार्थीगणों के नाम के साथ अंकित जाति में गरो के स्थान पर गर्ग (गरू) कर दी है जिस कारण आये दिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जबकि प्रार्थीगण के नाम से जाति विभिन्न दस्तावेजों में उनकी गरो ही अंकित की हुई है। प्रार्थीगण के रेकार्ड में हुई त्रुटी की वजह से मौके पर आये दिन कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस वजह से प्रार्थीगण अत्यधिक परेशान हो रहें है। प्रार्थीगण द्वारा राजस्व रेकार्ड में हुई त्रुटी को शुद्ध कर प्रार्थीगण की जाति गर्ग (गरू) के स्थान पर गरो किये जाने प्रार्थना—पत्र पेश हुआ।

प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत [illegible] जाकर अप्रार्थीगण के नाम सम्मन जारी किये जाने पर अप्रार्थी संख्या 0[illegible] न्या[illegible]य में उपस्थित नही होने पर एक पक्षिय कार्यवाही का आदेश पारित किया जाकर [illegible] संख्या 02 तहसीलदार गढ़ी को जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया जाने पर अप्रार्थी [illegible] 02 तहसीलदार, गढ़ी [illegible] से जवाब प्रस्तुत होकर कथन किया गया कि भू—प्रबन्ध विभाग ग्राम गढ़ी की मिसल बन्दोबस्त संवत 2045 में वादी की खाता संख्या 21 के सर्वे नम्बर 889 रकबा 0.21 हे0 भूमि

Signature Not Verified
Digitally signed by Atul Prakash
Date: 2021.01.29 12:45:04 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी जिला बांसवाड़ा

Scanned by CamScanner

कन्हैयालाल, नन्दलाल, नारायणलाल पिता पुरुषोत्तम जाति गर्ग (गरु) सा० देह दर्ज रेकार्ड है एंव खाता संख्या 22 के सर्वे नम्बर 967 रकबा 0.18 हे0, सर्वे नम्बर 968 रकबा 0.03 हे0 कुल किता दो रकबा 0.21 हे0 भूमि में कन्हैयालाल, नन्दलाल, नारायणलाल पिता पुरुषोत्तम व उमाशंकर पिता भुरा जाति गरो सा. देह खातेदार दर्ज है। मिसल बन्दोबस्त संवत 2045 के दो पृथक–पृथक खातों में वादी की दो जातिया दर्ज होना अवगत कराया।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र एंव खाता संख्या 109 (नई) 103 (पुरानी) की नकल जमाबन्दी संवत 2072 से 2075, खाता संख्या 108 (नई) 102 (पुरानी) की नकल जमाबन्दी संवत 2072 से 2075, न्यायालय उपखण्ड दण्ड नायक बांसवाड़ा द्वारा जारी प्रमाण–पत्र दिनांक 29.8.1983, कार्यालय तहसीलदार बांसवाड़ा द्वारा जारी प्रमाण–पत्र दिनांक 30.12.1987, खाता संख्या 18 (नई) 18 (पुरानी) की नकल जमाबन्दी संवत 2034, खाता संख्या 47 (नया) 22 (पुराना) एंव खाता संख्या 48 (नया) 23 (पुराना) की नकल जमाबन्दी संवत 2056 से 2059, तूलमात्मक पत्रक आदि की छाया प्रति एंव भूमिधारी अप्रार्थी संख्या 02 की ओर से प्रस्तुत जवाब का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थीगण की पृथक–पृथक खातेदारी भूमि में पृथक–पृथक जाति दर्ज रेकार्ड है। तथा प्रार्थीगण की वर्तमान जमाबन्दी खाता संख्या 108 (नया) 102 (पुराना) में जाती गर्ग (गरु) दर्ज रेकार्ड है। जो वर्तमान में उक्त जाति के इस क्षेत्र में निवासरत समुदाय की जाति के अनुरूप होकर सही है।

अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अस्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण के विरूद्व निर्णित किया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 08.1.2021 को सुनाया गया।

(अतुल प्रकाश)IAS
उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Atul Prakash.
Date: 2021.01.29 12:45:04 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner